# तैयारी: परिधानों के लिए नए भारतीय मानक जल्द

नई दिल्ली, एजेंसी। कपड़ा सचिव रचना शाह ने मंगलवार को कहा कि कपड़ा मंत्रालय जल्द ही परिधानों के लिए इंडिया साइज वाले मानकों को पेश करेगा। इन मानकों को भारतीय शारीरिक संरचना के अनुसार तैयार किया गया है।

इन मानकों के आने के बाद भारतीय ऐसे कपड़ों को खरीद सकेंगे, जो उनके लिए बेहतर फिट होंगे। भारत में इस समय बिकने वाले ज्यादातर ब्रांड के कपड़े यूरोप, ब्रिटेन या अमेरिकी साइज चार्ट के हिसाब से होते हैं।

शाह ने कहा, नया बॉडी-साइज चार्ट राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खुदरा विक्रेताओं और निर्माताओं को ऐसे सामान का उत्पादन करने में मदद करेगा जो भारतीय शरीर के प्रकारों के लिए उपयुक्त हैं। सरकार का लक्ष्य घरेलू तकनीकी कपड़ा क्षेत्र को पांच वर्षों में 40-50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाना है, जो अभी 22 अरब अमेरिकी डॉलर का है।